राजस्थान सरकार
कार्मिक (ख–3) विभाग

क्रमांकः प. 1(2)कार्मिक/ख–3/2012 जयपुर दिनांक : 6 MAR 2012

–: परिपत्र :–

मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव।
समस्त प्रमुख शासन सचिव।
समस्त शासन सचिव/विशिष्ट शासन सचिव।

राज्य सरकार के स्तर पर लिये गये निर्णय के अनुसार सचिवालय में कार्यरत सभी अधिकारियों की उपस्थिति अब बायोमैट्रिक प्रणाली से सुनिश्चित की जानी हैं। इस हेतु आप कृपया अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उनके फिंगर प्रिन्ट के नमूने दिनांक 22.03.2012 तक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रतिनिधि को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करें। उक्त कार्य के लिये सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रतिनिधि शासन सचिवालय के मुख्य भवन के कमरा नम्बर 2001 (गेट नम्बर–1–उप पंजीयक कार्यालय) में कार्यालय समय में उपलब्ध रहेंगे।

6/3/12
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को प्रेषित कर निवेदन है कि शासन सचिवालय में कार्यरत सभी अधिकारियों की बायोमैट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज कराने हेतु अधिकारियों के फिंगर प्रिन्ट लिये जाने के लिये आपके विभाग के संबंधित अधिकारियों को शासन सचिवालय के मुख्य भवन के कमरा नम्बर 2001 (गेट नम्बर–1–उप पंजीयक कार्यालय) में कार्यालय समय में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त अधिकारीगण को सूचनार्थ प्रेषित हैं।
3. अध्यक्ष, राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ/सचिवालय निजी सचिव एवं निजी सहायक संघ।

शासन उप सचिव